वार्षिक रिपोर्ट
Annual Report
2012-13

भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण

ए–13, सैक्टर–1, नौएडा - 201 301, जिला- गौतमबुद्धनगर (उ० प्र०)

INLAND WATERWAYS AUTHORITY OF INDIA

वार्षिक रिपोर्ट
2012 - 13

भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण
पोत परिवहन मंत्रालय

मुख्यालय : ए–13, सैक्टर-1, नौएडा - 201 301, जिला- गौतमबुद्धनगर (उ० प्र०)
दूरभाष सं० : 0120–2544036, 2543972; फैक्स सं० 0120–2543973, 2521764
ई-मेल : iwainoi@nic.in, वेबसाइट : www.iwai.nic.in

प्राधिकरण के सदस्य (2012–13 के दौरान)

		दूरभाष सं.	फैक्स सं.
अध्यक्ष	**श्रीमती भुपिन्दर प्रसाद**, भा. प्र. से. (31.08.2012 तक)	0120–2543972	0120–2543973
	डॉ. विश्वपति त्रिवेदी, भा. प्र. से. (25.09.2012 से अब तक)		
सदस्य	**सुश्री जयश्री मुखर्जी**, भा. प्र. से. उपाध्यक्ष (11.07.2012 से अब तक)	0120–2544009	0120–2544009
सदस्य	**डॉ. श्रीमती टी. कुमार** अपर सचिव एवं वित्तीय सलाहकार, पोत परिवहन मंत्रालय	011–23710140	011–23715195
सदस्य	**श्री एम. सी. जौहरी** संयुक्त सचिव (पोत परिवहन) पोत परिवहन मंत्रालय	011–23710189	011–23722855
सदस्य	**श्री आर. पी. एस. कहलन** अध्यक्ष, कोलकाता पोर्ट ट्रस्ट कोलकाता	033–22205370	033–22208226
सदस्य	**श्री सी. बी. सिंह** सलाहकार पोत परिवहन मंत्रालय	011–2376619	011–23350648
सदस्य	**श्री दीपक दास** सदस्य (वित्त), भा. अ. ज. प्रा.	0120–2544004	0120–2543976
सदस्य	**श्री देवेन्द्र शर्मा** सदस्य (आर. एम.), केन्द्रीय जल आयोग	011–26103221	011–2610744
सदस्य	**श्री एस. एस. मिश्रा** सदस्य (यातायात), भा. अ. ज. प्रा. (20.11.2012 तक)	0120–2543994	0120–2543982
सदस्य	**श्री एस. एस. पांडियन** सदस्य (तकनीकी), भा. अ. ज. प्रा. (28.02.2013 तक)	0120–25216640	120–2544041

अन्य विवरण

		दूरभाष सं.
सचिव	**श्री एस0 के0 भााही** (18.02.2013 तक)	0120–2544036
	श्रीमती त. साई अमूथा देवी (15.03.2013 से अब तक)	
अंकेक्षक	**भारत के लेखा नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक**	011–23235793
बैंकर्स	**सिंडीकेट बैंक** परिवहन भवन, संसद मार्ग, नई दिल्ली–110 001	011–23717573
	सिंडीकेट बैंक सैक्टर–18, नौएडा–201 301	0120–2514381
	केनरा बैंक सैक्टर–1, नौएडा–201 301	0120–2529163
	यूनियन बैंक ऑफ इंडिया सैक्टर–2, नौएडा–201 301	

क्षेत्रीय कार्यालय

	दूरभाष सं.	फैक्स सं.
भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण गायघाट टर्मिनल – सह कार्यालय, गुलजारबाग, पटना–800 007 (बिहार)	0612–2630112 0612–2630005 0612–2630114	0612–2630100
भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण पी–78, गार्डन रीच रोड, कोलकाता – 700 043 (पश्चिम बंगाल)	033–24390393 033–24395577 033–24396055	033–24395570 033–24391710
भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण पांडु पोर्ट काम्प्लैक्स, पांडु, गुवाहाटी – 781 012 (असम)	0361–2570109 0361–2676925 0361–2676927 0361–2676929	0361–2570099 0361–2570055
भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण राश्ट्रीय जलमार्ग रोड, एन0 एच0 47 बाइपास, कन्नाडिकाडू मरदू, एर्नाकुलम – 682 304 (केरल)	0484–2295064 0484–2389804	0484–2389445

उप–कार्यालय / ईकाईयाँ

	दूरभाष सं.	फैक्स सं.
भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण 360 / एफ / 44, नवाब यूसुफ रोड, सिविल लाइन्स, इलाहाबाद – 211 006 (उ0 प्र0)	0532–2561151 0532–2560537	0532–2561152
भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण 52, द्वितीय तल, पटेल नगर, नदेसर, वाराणसी – 221 002 (उ0 प्र0)	0542–2505329	0542–2505329
भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण नवीन गांगुली रोड, दुर्गा स्थान (मंदिर घाट), भागलपुर – 821 001 (बिहार)	0641–2400651	0641–2400651
भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण ऑफिस बिल्डिग संख्या–1, एफबीपी ऑफिस काम्प्लैक्स, पी0 ओ0– फरक्का बैरेज, जिला–मुर्शिदाबाद–742 212 (पश्चिम बंगाल)	03485–255809	03485–255809
भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण फकीरतला, पी0 ओ0–महेशगंज, स्वरूपगंज, नायडा–741 315 (पश्चिम बंगाल)		
भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण दुर्गाबाड़ी रोड टिनियाली, ए. टी. रोड, नालियापूल, डिब्रूगढ़ – 786 001	0373–2302540	
भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण धुब्री टर्मिनल, फ्री इंडिया घाट, धुब्री–786 005		
भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण आई.डब्लू.टी. टर्मिनल सह ऑफिस कॉम्प्लेक्स आश्रमम, नियर ईएसआई हॉस्पीटल, कोल्लम–691 002	0474–2766460	

1. अन्तर्देशीय जल परिवहन क्षेत्र (अ0 ज0 प0) – सामान्य सूचना

अति प्राचीन काल से अन्तर्देशीय जल परिवहन (अ0 ज0 प0) भारत में परिवहन का एक सुविधाजनक और किफायती परिवहन साधन रहा है। रेल, सड़क और वायु जैसे माध्यमों होकर द्रुत गति से चलने वाले परिवहन साधन के अभ्युदय से अन्तर्देशीय जलमार्गों होकर परिवहन उपेक्षित हो गया। हालांकि, कुछ क्षेत्रों में कार्गो की प्रकृति अथवा पत्तन/महत्वपूर्ण उद्योगों से सम्बद्धता होने के कारण परिवहन के अन्य साधनों की तुलना में अन्तर्देशीय जल परिवहन के नैसर्गिक फायदे हैं। आजकल पानी के किनारे स्थित स्थानों के बीच लम्बी दूरी तक बल्क में मालों की ढुलाई करने के लिए यह पूरे विश्व में सबसे सस्ता परिवहन साधन के रूप में जाना जाता है। ईंधन की कम खपत करने, कम प्रदूषण फैलाने और रोजगार सृजन की संभाव्यता के कारण अन्तर्देशीय जल परिवहन सार्वभौमिक रूप से स्वीकृत किए जाते हैं।

भारत में नदियों, अप्रवाही जल, संकरी खाड़ियों और कैनालों की संख्या काफी है जिन्हें परिवहन के किफायती और दक्ष परिवहन साधन के रूप में प्रयोग करने की संभावना है। 20वीं शताब्दी के मध्य तक अ0 ज0 प0 देश के विभिन्न भागों में परिवहन के महत्वपूर्ण साधन के रूप में प्रयुक्त हुआ था। परिवहन के अन्य उन्नत साधनों में बढ़ोत्तरी होने के कारण परिवहन के इस साधन के प्रयोग में कमी आ गई है और अब यह गंगा, ब्रह्मपुत्र और चम्पाकारा एवं उद्योगमंडल कैनालों के अलावा गोवा, असम, पश्चिम बंगाल और मुम्बई जैसे कुछ स्थानों में ही प्रचलन में हैं। इन क्षेत्रों में अ0 ज0 प0 साधन द्वारा कार्गो की ढुलाई में लगातार वृद्धि हुई है। वर्ष 2010–11 तक ढुलाई 70 मिलियन टन (4.755 बी.टी.के.एम.) के स्तर तक पहुंच गई थी। हालांकि, वर्ष 2012–13 में यह घटकर 30.5 मिलियन टन (3.053 बी.टी.के.एम.) हो गई थी। लौह अयस्क खनन पर प्रतिबंध के कारण गोवा जलमार्ग में कार्गो की कमी ही इसका मुख्य कारण है। उत्साहवर्द्धक सूचना यह है कि राष्ट्रीय जलमार्गों में कार्गो की ढुलाई वर्ष 2011–12 में हुई 4.921 मिलियन टन (1.299 बी.टी.के.एम.) से बढ़कर वर्ष 2012–13 में 6.389 मिलियन टन (1.583 बी.टी.के.एम) हो गई है।

वर्तमान में, देश में अ0 ज0 प0 माध्यम द्वारा कार्गो की ढुलाई 1 प्रतिशत से भी कम होती है। हालांकि, इसके शेयर को वर्ष 2020 तक 5 प्रतिशत (25 बी.टी.के.एम.) तक बढ़ाने का लक्ष्य है। तदनुसार विभिन्न परियोजनाओ/योजनाओं का कार्यान्वयन किया जा रहा है।

2. भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (भा0 अ0 ज0 प्रा0)

नौवहन और नौचालन के उद्देश्य से अन्तर्देशीय जलमार्गों के विकास और विनियमन हेतु भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (भा0 अ0 ज0 प्रा0) का गठन 27 अक्तूबर, 1986 को हुआ था, देखें भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण अधिनियम, 1985 । भा0 अ0 ज0 प्रा0 राष्ट्रीय जलमार्ग (रा0 ज0) के रूप में घोषित जलमार्गों के विकास, अनुरक्षण और विनियमन के लिए मुख्य रूप से उत्तरदायी है। यह अ0 ज0 प0 से संबंधित सभी मामलों पर पोत परिवहन मंत्रालय को परामर्श भी देता है। राष्ट्रीय जलमार्गों से इतर जलमार्गों के विकास की जिम्मेदारी सम्बंधित राज्य सरकारों की है।

3. भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण की भूमिका

भा0 अ0 ज0 प्रा0 अधिनियम, 1985 की धारा 14 के अनुसार, भा0 अ0 ज0 प्रा0 को घोषित राष्ट्रीय जलमार्गों के विकास और विनियमन का कार्य सौंपा गया है। अब तक, निम्नलिखित जलमार्गों की घोषणा राष्ट्रीय जलमार्ग के रूप की गई है :–

(i) उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखण्ड और पश्चिम बंगाल राज्यों में (हल्दिया से इलाहाबाद तक – 1620 कि0 मी0) गंगा–भागीरथी–हुगली नदी प्रणाली की घोषणा रा0 ज0–1 के रूप में 1986 में की गई।

(ii) असम राज्य में (धुब्री से सदिया तक – 891 कि0 मी0) ब्रह्मपुत्र नदी की घोषणा रा0 ज0–2 के रूप में 1988 में की गई।

(iii) केरल राज्य में उद्योगमण्डल और चम्पाकारा कैनाल सहित कोट्टापुरम से कोल्लम तक पश्चिम तट कैनाल (205 कि0 मी0) की घोषणा रा0 ज0–3 के रूप में 1993 में की गई।

(iv) आंध्रप्रदेश, तमिल नाडु और संघशासित प्रदेश पुडुचेरी राज्यों में गोदावरी और कृष्णा नदियों सहित काकीनाडा – पुडुचेरी कैनाल (1078 कि0 मी0) की घोषणा रा0 ज0–4 के रूप में 2008 में की गई।

(v) पश्चिम बंगाल और उड़ीसा राज्यों में ब्राह्मणी नदी और महानदी डेल्टा सहित पूर्व तट कैनाल (588 कि0 मी0) की घोषणा रा0 ज0–5 के रूप में 2008 में की गई।

असम में बराक नदी के लखीपुर–भंगा प्रखण्ड (121 कि0 मी0) को रा0 ज0 6 के रूप में घोषित करने का कार्य सरकार के पास विचाराधीन है। इसके अतिरिक्त, पारगमन और व्यापार के लिए भारत–बांग्लादेश प्रोटोकॉल के तहत सुंदरवन जलमार्ग के भारतीय क्षेत्रों का विकास और अनुरक्षण भा0 अ0 ज0 प्रा0 कर रहा है जिसके तहत एक देश का अन्तर्देशीय जलयान दूसरे देश के विनिर्दिष्ट मार्गों होकर पारगमन कर सकता है।

निम्नलिखित अवसंरचना मुहैया करके भा0 अ0 ज0 प्रा0 राष्ट्रीय जलमार्ग (रा0 ज0)–1, 2 और 3 को पूरी तरह कार्यकारी बनाने के लिए विभिन्न परियोजनाओं का कार्यान्वयन कर रहा है :–

(क) लक्षित गहराई और चौड़ाई के साथ नाव्य जलपथ।
(ख) सड़क/रेल द्वारा प्रवेश और निर्गमन करने के लिए स्थायी और फ्लोटिंग टर्मिनल।
(ग) दिवस और रात्रि नौचालन के लिए सुविधाएं और
(घ) चैनल विकासात्मक कार्यों के लिए निकर्षक/जलयान

4. राष्ट्रीय जलमार्गों का विकास

नौवहन और नौचालन हेतु किसी जलमार्ग को व्यवहार्य बनाने के लिए तीन मूलभूत अवसंरचनात्मक सुविधाओं की आवश्यकता होती हैं। ये हैं : (i) उपयुक्त आकार के अन्तर्देशीय जलयानों से ढुलाई करने के लिए पर्याप्त गहराई और चौड़ाई के साथ नौचालन चैनल, (ii) दिवस और रात्रि नौचालन के लिए नौचालन संबंधी सहायताएं और (iii) जलयानों की बर्थिंग, कार्गो/यात्रियों को चढ़ाने/उतारने तथा सड़क और रेल से सम्पर्क सुविधाएं मुहैया करने हेतु टर्मिनल।

राष्ट्रीय जलमार्ग 1 और 2 जलोढ़ नदियां हैं। इन नदियों की मुख्य विशेषताएं हैं– गुम्फल, टेढा–मेढा चलना और मानसून और गैर मानसून महिनों के दौरान जल स्तर में अधिक उतार–चढ़ाव होना। इन नदियों में कम वर्षा वाले मौसम के दौरान उथले क्षेत्र शोल बन जाते हैं और विशेषतः उपरी स्थानों में 2 मी0 न्यूनतम उपलब्ध गहराई (एल.ए.डी.) का अनुरक्षण कठिन हो जाता है। इन नदियों में निर्बाध नौचालन सुविधाएं प्रदान करने के लिए नौचालानात्मक चैनल मुहैया करने के लिए प्रत्येक वर्ष मानसून के बाद संरक्षण कार्यों जैसे ड्रेजिंग और बंडालिंग से उथले स्थानों को हटाया जाता है। दूसरी तरफ, रा0 ज0–3, ज्वारीय नदियों और जल स्तर में एकरूपी ज्वारीय उतार चढाव सहित कैनालों से मिलकर बना है। अतः इस जलमार्ग में गहराई मुहैया कर देने के पश्चात समय–समय पर आवश्यकतानुसार मामूली अनुरक्षण निकर्षण द्वारा इस गहराई को वर्षों तक अनुरक्षित रखा जा सकता है। रा0 ज0 4 और 5, नहर और नदी प्रखण्डों से मिलकर बने हैं। रा0 ज0–4, में अपेक्षित गहराई को अनुरक्षित करने के लिए लॉक का प्रयोग करते हुए व्यापक रूप से निकर्षण की आवश्यकता होती है। इसी तरह, वार्षिक रूप से रा0 ज0–5 के नदी भागों के निचले स्थलों में निकर्षण की आवश्यकता पड़ती है, जबकि

जबकि नौचालन के लिए अपेक्षित गहराई को अनुरक्षित करने के लिए ब्रह्मणी नदी के उपरी स्थलों में नौचालानात्मक लॉक सहित पांच बांधों की सहायता से पानी इकट्ठा करना प्रस्तावित है।

5. **राष्ट्रीय जलमार्ग – 1**

[इलाहाबाद से हल्दिया तक गंगा भागीरथी–हुगली नदी प्रणाली (रा0 ज0 1 – 1620 कि0 मी0)]

2012–13 के दौरान, रा0 ज0–1 में जलपथ, टर्मिनल और नौचालन सुविधाओं के विकास और अनुरक्षण के लिए किए गए महत्वपूर्ण कार्यों का संक्षिप्त विवरण निम्न प्रकार है :

जलपथ विकास –

जलयानों से निर्बाध और सुरक्षित जलयात्रा करने के लिए रा0 ज0 में जलपथ, लक्षित गहराई और चौड़ाई सहित नौचालानात्मक चैनल का अनुरक्षण किया जाना चाहिए। यह कार्य नदी संरक्षण कार्यों जैसे बंडालिंग और निकर्षण की सहायता से किया जाता था। वर्ष 2012–13 के दौरान संविदा द्वारा त्रिवेणी–राजमहल प्रखण्ड (399 कि0 मी0) में 3000 मी0 के बंडाल और राजमहल–चुनार प्रखण्ड (827 कि0 मी0) में 14,100 मी0 बंडाल स्थापित किए गए। इसके अतिरिक्त, भा0 अ0 ज0 प्रा0 के स्वामित्व वाले आठ कटर सक्शन ड्रेजरों (सी.एस.डी.) जैसे, सी. एस.डी. श्वेता, तापी, शिप्रा, जलंगी, महानंदा, अलकनंदा, यमुना, आई.डी.–IV और एक जलय सर्वेक्षण ड्रेजर की सहायता से त्रिवेणी–राजमहल प्रखण्ड में 5.48 लाख घन मीटर और राजमहल–चुनार प्रखण्ड में 5.69 लाख घन मीटर निकर्षण किया गया। एक एम्फिबियन ड्रेजर की अधिप्राप्ति करके फरक्का क्षेत्र में तैनात किया गया। इन कार्यों के फलस्वरूप, 2012–13 के दौरान रा0 ज0–1 के विभिन्न प्रखण्डों में निम्नलिखित न्यूनतम उपलब्ध गहराई (एल.ए.डी.) अनुरक्षित की गई :–

(क)	हल्दिया–फरक्का प्रखण्ड (560 कि0 मी0)–		वर्ष भर 2.8 मी0
(ख)	फरक्का–बाढ़ प्रखण्ड (396 कि0 मी0)	–	लगभग 330 दिनों के लिए 2.5 मी0
(ग)	बाढ़–पटना प्रखण्ड (64 कि0 मी0)	–	लगभग 330 दिनों के लिए 2.2 मी0
(घ)	पटना–वाराणसी प्रखण्ड (363 कि0 मी0)	–	लगभग 240 दिनों के लिए 2.0 मी0
(ड.)	वाराणसी–इलाहाबाद (237 कि0 मी0)	–	लगभग 120 दिनों के लिए 1.5 मी0

टर्मिनलें –

गायघाट, पटना में दोनों निम्नतल जेट्टी और उच्चतल जेट्टी प्रचालन में है। दोनों जेट्टी, कंटनरों को हैंडिल करने में सक्षम है। जे0 आर0 जेट्टी, कोलकाता में स्थायी टर्मिनल का निर्माण कार्य प्रगति में है और यह कार्य मार्च 2013 तक लगभग 85% पूर्ण हो गया है। स्थायी जेट्टी पहले से ही विद्यमान है जिसका उपयोग पश्चिम बंगाल राज्य में फरक्का और पाकुड़ में किया जा रहा हे। रामनगर में भा0 अ0 ज0 प्रा0 द्वारा अधिग्रहित भूमि के साथ समुचित सड़क सम्पर्कता के अभाव के कारण वाराणसी टर्मिनल के निर्माण कार्य में अत्यधिक विलंब हो गया था। अतः टर्मिनल स्थल को एन0 एच0–7 से जोड़ते हुए समुचित सम्पर्क सड़क के निर्माण के लिए 1.85 हेक्टेयर अन्य भूमि के अधिग्रहण के लिए उत्तरप्रदेश सरकार की सहमति से एक प्रस्ताव तैयार किया गया। उत्तर प्रदेश सरकार उक्त भूमि अधिग्रहण के लिए कदम उठा रही है।

इन स्थायी टर्मिनलों के अतिरिक्त हल्दिया, बीआईएसएन और बोटानिकल गार्डन (कोलकाता), शान्तिपुर, स्वरूपगंज, कटवा, हजारद्वारी, डी/एस फरक्का, यू/एस फरक्का, मंगलाहाट (राजमहल), समदाघाट (साहेबगंज), बटेश्वरस्थान, भागलपुर, मुंगेर, सिमरिया, बक्सर, गाजीपुर, वाराणसी और इलाहाबाद में भी फ्लोटिंग टर्मिनलें विद्यमान हैं। इन टर्मिनलों का समय–समय पर अनुरक्षण करके माल को चढ़ाने/उतारने, माल व्यवस्था में सहायता और जलयान पर चढ़ने/उतरने के लिए उपयोग किया जाता है।

अतः गायघाट–पटना में सी.पी.डब्ल्यू.डी. की सहायता से कार्यालय सह आर.आई.एस. भवन परिसर का निर्माण कार्य निर्माणाधीन है। यह कार्य मार्च, 2013 में लगभग 80% पूर्ण हो चुका है।

नौचालन सहायताएं –

त्रिवेणी और इलाहाबाद के बीच वर्श भर दिवस नौचालन हेतु चैनल चिन्ह मुहैया करके अनुरक्षित किए गए। पाक्षिक/मासिक रूप से तलस्पर्शी सर्वेक्षण करवा कर नदी संबंधी सूचनाएं जारी की गई और कार्गो/पर्यटक जलयानों को पायलटेज मुहैया की गई। त्रिवेणी और वाराणसी (1187 कि0 मी0) के बीच लाईटों/बीकनों से युक्त देशी नौकाओं/एमएस पोल्स द्वारा रात्रि नौचालन सुविधाएं अनुरक्षित की गई। डी.जी.पी.एस. तकनीक की नौचालन सहायताएं मुहैया करने के लिए अत्याधुनिक डीजीपीएस स्टेशन चालू किए गए हैं और यह स्टेशन भागलपुर, पटना और स्वरूपगंज में प्रचालन में है।

6. राष्ट्रीय जलमार्ग – 2

[सदिया से धुब्री तक ब्रह्मपुत्र नदी (रा0 ज0 2 – 891 कि0 मी0)]

2012–13 के दौरान, रा0 ज0–2 में जलपथ, टर्मिनल और नौचालन सुविधाओं के विकास और अनुरक्षण के लिए किए गए महत्वपूर्ण कार्यों का संक्षिप्त विवरण निम्न प्रकार है :

जलपथ विकास –

वित्तीय वर्ष के दौरान, सम्पूर्ण जलमार्ग में 17,460 मी0 के बंडाल खड़े और अनुरक्षित किए गए। इसके अतिरिक्त, दो कटर सक्शन ड्रेजर (सी.एस.डी.) जैसे सी.एस.डी. तेजू और सी.एस.डी. मनडोवी की सहायता से 0.94 लाख घन मीटर निकर्षण किया गया। फरवरी, 2013 के दौरान रा0 ज0–2 में सी.एस.डी. मनडोवी का प्रयोग किया गया। जलपथ में गहराई को बढ़ाने के लिए दो जलीय सर्वेक्षण ड्रेजर (एच.एस.डी.) एच.एस.डी. धनसीरी और एच.एस.डी. जय भोराली को तैनात किया गया। धुब्री–पांडु में 365 दिनों के लिए और पांडु–नीमाति में 230 दिनों के लिए 2.5 मी0 न्यूनतम उपलब्ध गहराई (एल.ए.डी.) अनुरक्षित की गई। पांडु–डिब्रूगढ़ में 330 दिनों के लिए 2.0 मी0 न्यूनतम उपलब्ध गहराई (एल.ए.डी.) और डिब्रूगढ़–ओरियमघाट (बालीजम) में 365 दिनों के लिए 1.5 मी0 एल.ए.डी. अनुरक्षित की गई।

टर्मिनलें –

पांडु में टर्मिनल का चरणबद्ध रूप से विकास करने के लिए एक मास्टर प्लान तैयार किया गया था। पांडु में एक निम्नतल जेट्टी को पहले ही प्रचालन में ले लिया गया है और 33.32 करोड़ रु. के लागत पर एक उच्चतल जेट्टी निर्माणाधीन है। मार्च, 2013 तक परियोजना में समग्र रूप से वास्तविक प्रगति 95 प्रतिशत हुई। 12.97 करोड़ रु. की लागत पर एन एफ रेलवे द्वारा पांडु टर्मिनल को कामाख्या रेलवे स्टेशन, गुवाहाटी से जोड़नेवाली ब्रॉड गेज साइडिंग का निर्माण किया गया। ट्रायल इंजन रन कार्य पूर्ण हो गया है और एन.एफ. रेलवे द्वारा राजपत्रित अधिसूचना के जारी हो जाने के पश्चात बी.जी. साइडिंग का प्रचालन शुरू हो जाएगा। सी.पी.डब्ल्यूडी. द्वारा रु. 4.64 करोड़ की लागत से पांडु टर्मिनल पर अन्य विकासात्मक कार्य जैसे तटरक्षण, आंतरिक सड़क प्रणाली का निर्माण/मरम्मत, जलनिकासी कार्य, हार्ड स्टैंड इत्यादि प्रगति पर है और पांडु में क्षेत्रीय कार्यालय, गुवाहाटी, भा0 अ0 ज0 प्रा0 में रु. 4.61 करोड़ की अनुमानित लागत से बनने वाले कार्यालय सह नदी सूचना प्रणाली के निर्माण के लिए एक अन्य योजना के लिए मंजूरी प्रदान की गई। यह निर्माण कार्य सी.पी.डब्ल्यू.डी. को सौंपा गया है। मार्च, 2012 के दौरान रु. 12.32 करोड़ की लागत पर भारी यातायात की आवाजाही हेतु पांडु टर्मिनल को एन0 एच0–31 से जोड़ने के लिए वैकल्पिक सड़क के निर्माण के लिए प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की और यह निर्माण कार्य पी.डब्ल्यू.डी. (एन.एच. मण्डल) को सौंपा गया। हालांकि, उक्त भूमि पर स्थानीय लोगों के अनधिकृत अतिक्रमण के कारण सड़क का निर्माण कार्य कार्यान्वित नहीं किया गया। असम सरकार और एन0 एफ0 रेलवे से अनधिकृत अतिक्रमण को हटाकर भूमि को भा0 अ0 ज0 प्रा0 को सौंपने के लिए अनुरोध किया जा रहा है।

भा0 अ0 ज0 प्रा0 ने दो रो–रो टर्मिनल एक धुब्री में और दूसरा हतसिंगमारी (धुब्री में ब्रह्मपुत्र नदी का विपरीत तट) में तैयार करने की योजना के लिए क्रमशः 28.98 करोड़ और रु. 33.31 करोड़ लागत की राशि की मंजूरी प्रदान की और यह कार्य जनवरी, 2013 के दौरान सी.पी.डब्ल्यू.डी. को सौंपा गया। इन टर्मिनलों की सहायता से घुमावदार सड़क रास्ते (220 कि0 मी0) की बजाय जोगीघोपा से होते हुए मेघालय से धुब्री (29 कि0मी0) तक सीधी अ0 ज0 प0 सम्पर्कता मुहैया हो जाएगी।

धुब्री, जोगीघोपा, तेजपुर, सिलघाट, नीमाती, बोगीबील, डिब्रूगढ़, सेंगाजन/पनबाड़ी और ओरियमघाट में माल की ढुलाई के लिए तैरते टर्मिनलों को सुविधा मुहैया करके अनुरक्षित किया गया। हतसिंगमारी, धुब्री, सिलघाट, विश्वनाथघाट, नीमाती, डिब्रूगढ़ और ओरियमघाट पर टर्मिनल की स्थापना के लिए भूमि अधिग्रहण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

नौचालन सहायताएं –

संपूर्ण जलमार्ग में दिवस नौचालन हेतु चैनल चिन्ह मुहैया करके अनुरक्षित किए गए। धुबी और सिलघाट के बीच रात्रि नौचालन सुविधाएं भी मुहैया और अनुरक्षित की गई। मांग करने पर बहुत कम समय में शेष खंडों में रात्रि नौचालन सुविधाएं भी मुहैया की जा सकती है। अ0 ज0 प0 प्रचालकों को फेयरवे से संबंधित जानकारी मुहैया करने के लिए संपूर्ण जलमार्ग में पाक्षिक/मासिक आधार पर तलस्पर्शी सर्वेक्षण कराकर नदी संबंधी सूचनाएं जारी की गई। इन सुविधाओं में वृद्धि करने के लिए "डी.जी.पी.एस. तकनीकी का प्रयोग नौचालन" में करने हेतु अत्याधुनिक डी.जी.पी.एस. स्टेशनों को चालू किया गया और जोगीघोपा, सिलघाट और डिब्रूगढ में प्रचालन में किया गया है। धुब्री में एक अन्य स्टेशन की स्थापना का कार्य प्रगति में है।

7. राष्ट्रीय जलमार्ग – 3

[कोल्लम से कोट्टापुरम और उद्योगमंडल और चम्पाकारा कैनाल तक पश्चिम तट कैनाल (रा0 ज0 3 – 205 कि0 मी0)]

2012–13 के दौरान, रा0 ज0–3 में जलपथ, टर्मिनल और नौचालन सुविधाओं के विकास और अनुरक्षण के लिए किए गए महत्वपूर्ण कार्यों का संक्षिप्त विवरण निम्न प्रकार है :

जलपथ विकास –

रा0 ज0–3 एक ज्वारीय जलमार्ग है। इस जलमार्ग के चार सामुद्रिक मुहाने क्रमशः मुनांबम, कोची, कायमकुलम और निंदाकारा स्थानों पर है। यह विचार किया गया कि रा0 ज0–3 में नौचालन के लिए 2 मी0 की गहराई सहित चौड़े खण्डों में 38 मी0 और संकरे खण्डों में 32 मी0 की चौड़ाई के नौचालन चैनल का विकास किया जाएगा। उपर्युक्त आकार के नौचालन चैनल का विकास करने के लिए लगभग 87 कि0 मी0 से अधिक लंबाई तक 40.33 लाख घन मीटर भारी निकर्षण करने पर विचार किया गया था। निकर्षण करने के लिए, सम्पूर्ण रा0 ज0–3, को 7 खण्डों में विभाजित किया गया था– i) चम्पाकारा कैनाल ii) उद्योगमण्डल कैनाल, iii) कोट्टापुरम–कोची, iv) कोची–अलापुझा, v) अलापुझा–कायमकुल्लम, vi) कायमकुल्लम–इडापल्लीकोट्टा और vii) इडापल्लीकोट्टा–कोल्लम। भारी निकर्षण का कार्य चम्पाकारा कैनाल, उद्योगमण्डल कैनाल, कोट्टापुरम कोची और कोची–अल्लापुझा खण्ड में पूर्ण हो गया है और अन्य खण्डों में यह कार्य प्रगति में है। मार्च, 2013 तक भा0 अ0 ज0 प्रा0 ने 30 लाख घन मीटर निकर्षण कार्य पूर्ण कर लिया, जिसके फलस्वरूप, चम्पाकारा और उद्योगमण्डल कैनाल (155 कि0 मी0) सहित कोट्टापुरम से अलापुझा (तकाझी जेट्टी) तक लक्षित नौचालात्मक चैनल मुहैया किए गए।

अनुबंध माध्यम से अलापुझा–कायमकुलम और कायमकुलम–इडापल्लीकोट्टा खंडों में भारी निकर्षण कार्य किया जा रहा है। इडापल्लीकोट्टा–कोल्लम खंड में 5 विभागीय ड्रेजरों (3 कटर सक्शन ड्रेजर और 2 एम्फिबियन ड्रेजर) की सहायता से निकर्षण किया जा रहा है। इडापल्लीकोट्टा–कोल्लम प्रखण्ड में हार्ड स्ट्राटा (लगभग 18000 घन मीटर मात्रा) है। हार्ड स्ट्राटा को हटाने के लिए विभिन्न तरीके को अपनाने के पश्चात्, भा0 अ0 ज0 प्रा0 ने एक एम्फिबियन ड्रेजर की अधिप्राप्ति की जिसमें पानी के भीतर हार्ड स्ट्राटा को तोड़ने के लिए एक विशेष हाइड्रॉलिक हैमर लगा हुआ है। यह विशेष ड्रेजर पानी के भीतर हार्ड स्ट्राटा को हटाने के लिए उपयुक्त है और फरवरी, 2012 से इस प्रखण्ड में कार्य प्रगति पर है। हार्ड स्ट्राटा को हटाने के कार्य को तीव्रता से पूर्ण करने के लिए भा0 अ0 ज0 प्रा0 ने फरवरी, 2013 के दौरान, एक और एम्फिबियन ड्रेजर को तैनात किया। दिसम्बर, 2013 तक अलापुझा–कोल्लम प्रखण्ड में कैनालों के निकर्षण और चौड़ा करने का कार्य पूर्ण हो जाने की सम्भावना है। इस निकर्षण कार्य को निर्बाध रूप से कार्यान्वित करने के लिए स्थानीय लोगों के निरंतर सहयोग की अनिवार्यता है।

सुरक्षित नौचालन के लिए कैनाल तटों का अपरदन से बचाव करना अन्य महत्वपूर्ण क्रियाकलाप है। मार्च, 2013 में चम्पाकारा और उद्योगमण्डल कैनाल में 14.67 कि0 मी0 कैनल तट में स्थायी तट रक्षण मुहैया किया गया है। अलापुझा और कोल्लम में भी जहां विद्यमान चैनल को चौड़ा करने की आवश्यकता है, वहां भारी निकर्षण के साथ–साथ तट रक्षण आवश्यकतानुसार मुहैया किए जा रहे हैं। मार्च, 2013 तक 2.77 कि0 मी0 तट रक्षण कार्य मुहैया किए गए।

निकर्षण सामग्री के निर्वहन, अधिक तट रक्षण की मांग, निरंतर कार्य में रूकावटों और स्थानीय लोगों द्वारा मुकदमेबाजी इत्यादि से संबंधी विभिन्न स्थानीय मामलों के कारण रा0 ज0–3 में भारी निकर्षण और इसका चौड़ा करने के कार्य की प्रगति में अत्यधिक बाधाएं आई। इन मामलों के समाधान के लिए, उच्चतम स्तर तक राज्य सरकार के साथ निरंतर अंतःक्रिया की गई।

टर्मिनलें –

टर्मिनलों की स्थापना के लिए विचार किए गए 11 स्थानों में से आठ स्थानों यथा–कोट्टापुरम, अलुवा, मरदु (कोची), वैकोम, चरतला (थनीरमुखम), त्रिकुनापुझा, कायमकुलम (आईराम थेंगु) और कोल्लम पर पहले ही टर्मिनल का निर्माण किया जा चुका है। रु. 9.04 करोड़ की लागत पर अलापुझा में एक टर्मिनल का निर्माण प्रगति पर है। शेष दो स्थानों यथा–कक्कानाडु और चावड़ा में टर्मिनलों का निर्माण कार्गो उपलब्धता के निश्चित होने पर दूसरे चरण में करने का प्रस्ताव है। प्रभावी ढंग से उपयोग करने के लिए और निजी क्षेत्र की भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए कोट्टापुरम, अलुवा, मरदु (कोची), वैकोम, चरतला (थनीरमुखम), त्रिकुनापुझा, कायमकुलम, कोल्लम और अलापुझा (निर्माणाधीन) में अ0 ज0 प0 टर्मिनलों का प्रचालन और अनुरक्षण निजी क्षेत्र के माध्यम से कराने का प्रस्ताव है, जो खुली बोली प्रक्रिया द्वारा होगा।

रो–रो सुविधा युक्त दो अ0 ज0 प0 कंटेनर टर्मिनलें–एक बोलगट्टी में और दूसरा विलिंगडन आइलैंड में स्थित टर्मिनल का निर्माण कोचीन पत्तन न्यास के माध्यम से भा0 अ0 ज0 प्रा0 द्वारा कराया गया है ताकि आई.सी.टी.टी. वल्लारपदम को सम्बद्धता मुहैया किया जा सके और वल्लारपदम को जाने वाले ट्रक/ट्रेलर को कोची शहर के भीड़भाड़ वाली सड़कों से होकर गुजरने की आवश्यकता नहीं पड़े। ये टर्मिनलें 23/02/2011 से प्रचालन में हैं। मार्च, 2012 में रो–रो सुविधा की सहायता से 20 फीट वाले 28,688 और 40 फीट वाले 14,551 कंटेनरों द्वारा इन टर्मिनलों के बीच ढुलाई की गई।

8. राष्ट्रीय जलमार्ग – 4 और 5

हालांकि नवंबर, 2008 में दोनों जलमार्गों को राष्ट्रीय जलमार्गों के रूप में घोषित कर दिया गया है, परंतु, इन राष्ट्रीय जलमार्गों के विकास के लिए 11वीं योजना के दौरान कोई निधि आवंटित नहीं की गई। योजना आयोग के सुझाव के अनुसार, भा0 अ0 ज0 प्रा0 ने व्यवहार्य गैप फण्डिंग (वी.जी.एफ.) की सहायता से पी.पी.पी. के माध्यम से व्यावसायिक रूप से अधिक विकासक्षम रा0 ज0–4 और 5 के प्रखण्डों के विकास की सम्भावना को तलाशा। तदनुसार, इन जलमार्गों केशेयर धारकों के साथ अंतःक्रिया की गई और अत्यधिक व्यावसायिक प्रखण्डों को अभिज्ञात किया गया। भारत अवसंरचना परियोजना विकास निधि (आई.आई.पी.डी.एफ.) और पी.पी.पी. पायलट प्रोजेक्ट इनिसिएटिव स्किम के तहत् आर्थिक कार्य विभाग (डी.ई.ए.) और एशियन विकास बैंक (ए.डी.बी.) ने इन परियोजनाओं के विकास के लिए मार्च, 2012 में मेसर्स ग्रांट थारटन को व्यापार सलाहकार के रूप में नियुक्त किया। परामर्शदाता ने अक्तूबर, 2012 में चरण–। अध्ययन रिपोर्ट की प्रारूप परियोजना रिपोर्ट प्रस्तुत की। भा0अ0ज0प्रा0 द्वारा जारी टिप्पणियों के आधार पर परामर्शदाता से संशोधित रिपोर्ट प्राप्त होने की सम्भावना है, तदुपरांत पूंजी निवेश पर निर्णय लिया जाएगा।

9. प्रस्तावित राष्ट्रीय जलमार्ग – 6

लखीपुर से भंगा (121 कि0 मी0) तक बराक नदी को राष्ट्रीय जलमार्ग के रूप में घोषित करना सरकार के विचाराधीन है। मेसर्स लारसन एण्ड टूब्रो द्वारा तैयार की गई डी.पी.आर. के आधार पर मंत्रालय को रु. 123.3 करोड़ की आंकलित लागत का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। मंत्रिमंडल नोट को परिचालित करके और मंत्रिमंडल से प्रस्ताव की औपचारिक सहमति लेने के पश्चात् दिनांक 22.03.13 को घोषणा के लिए बिल राज्य सभा में प्रस्तुत किया गया। जांच और रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए मामलों को संसदीय स्थायी समिति को प्रेषित किया गया।

10. पारगमन एवं व्यापार पर भारत–बांग्लादेश प्रोटोकॉल

भारत–बांग्लादेश सरकार ने दोनों देशों के बीच व्यापार और वाणिज्य के लिए अपने जलमार्गों का प्रयोग करने हेतु एक समझौता किया। अंतर–देश व्यापार के लिए कुछ अ0 ज0 प0 मार्ग जैसे (i) कोलकाता–सिलघाट–कोलकाता, (ii) कोलकाता–करीमगंज–कोलकाता, (iii) राजशाही–दहुलियन–राजशाही और (iv) सिलघाट–करीमगंज–सिलघाट का निर्माण किया गया। प्रत्येक देश में 5 पोर्ट ऑफ कॉल निर्दिष्ट किए गए। यह है : भारत में हल्दिया, कोलकाता, पांडु, करीमगंज और सिलघाट और बांग्लादेश में नारायणगंज, खुलना, मोंगला, सिराजगंज और आशुगंज। इस प्रोटोकॉल को दिनांक 31.03.2014 तक बढ़ाया गया है। इस प्रोटोकॉल के तहत् प्रत्येक वर्ष कोलकाता/हल्दिया और बांग्लादेश के बीच 15 लाख से अधिक फ्लाई ऐश की ढुलाई की जाती है। जुलाई, 2012 में भारत और बांग्लादेश के बीच ढांका में आयोजित पोत परिवहन सचिव स्तर की वार्ता के दौरान यह प्रस्तावित किया गया कि व्यापार समझौते सहित प्रोटोकॉल की वैधता बंद की जाएगी।

11. राष्ट्रीय अन्तर्देशीय नौवहन संस्थान (निनी)

भा0 अ0 ज0 प्रा0 ने पटना में निनी का निर्माण किया और निनी फरवरी, 2004 से क्रियाशील है। निनी में नियमित रूप से डेक और इंजन रेटिंग के लिए इंडक्शन पाठ्यक्रम, सेरांग और ड्राइवरों के लिए प्रारंभिक पाठ्यक्रम, मूल और उन्नत निकर्षण पाठ्यक्रम, जलीय सर्वेक्षकों के लिए पुनःचर्या पाठ्यक्रम, जलयानों की मरम्मत और अनुरक्षण इत्यादि आयोजित किए जाते हैं। अब तक निनी में अ0 ज0 प0 क्षेत्र के लिए 1700 से अधिक उम्मीदवारों को प्रशिक्षित किया गया। मेसर्स ए.आर.आई. द्वारा संस्थान का प्रशासन और प्रबंध किया जाता है। फरवरी, 2010 के दौरान निनी को आई.एस.ओ. 9001:2008 प्रमाण पत्र दिया गया। 13वें और 14वें बैच के प्रशिक्षु को 100% रोजगार प्राप्त हो गया है और 15वें बैच के 50% प्रशिक्षु को रोजगार प्राप्त हुआ है। शिक्षु अधिनियम के तहत् भा0 अ0 ज0 प्रा0 के जलयानों पर निनी प्रशिक्षित प्रशिक्षुओं की नियुक्ति के लिए एक योजना को कार्यान्वित किया गया। मार्च, 2010 में ''अन्तर्देशीय जलयान में मैन्यूवियरिंग सिमुलेटर'' की स्थापना उसे चालू किया गया। इसके अतिरिक्त, भा0 अ0 ज0 प्रा0 और मेसर्स ए.आर.आई. के बीच 50:50 राजस्व शेयरींग, आधार पर निनी में एक ''मैरिन सिमुलेटर सेंटर'' की स्थापना की गई और अब तक, इस सेंटर में 26 उम्मीदवारों को प्रशिक्षिण दिया जा चुका है। यह संस्थान डी. जी. पोत परिवहन द्वारा नदी, समुद्र जलयानों और तटीय जलयानों के लिए जनशक्ति प्रदान करने के लिए नौचालनात्मक वॉच किपिंग ऑफिसर पाठ्यक्रमों को आयोजित करने के लिए अनुमोदित किया गया। 15 अप्रैल, 2012 में पहला पाठ्यक्रम प्रारंभ किया गया। यह संस्थान, बिहार सरकार को नौका नियमावली, 2010 और बिहार सरकार के लिए IV नियमावली को तैयार करके अनुपालन करने हेतु सहायता भी प्रदान करता है। आई.एम.यू. से अ0 ज0 प0 क्षेत्र में डिप्लोमा कार्यक्रम के लिए अनुमोदन की प्रक्रिया प्रगति में है।

भा0 अ0 ज0 प्रा0 के कार्मिकों के लिए पुनश्चर्या पाठ्यक्रम और तकनीकी पाठ्यक्रम निनी में भी आयोजित किए गए। भा0 अ0 ज0 प्रा0 के सर्वेक्षकों को उच्च तकनीकी उपकरणों जैसे ए0डी0सी0पी0 कुल स्टेशन, डी0जी0पी0एस0 रेफरेंस स्टेशन, साइड स्केन सोनार, सब–बॉटम प्रोफाइलर, ज्वार मापक इत्यादि का प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए विभिन्न सर्वेक्षण उपकरणों के प्राधिकृत आपूर्तिकर्ताओं को आमंत्रित किया गया। सितंबर, 2012 के दौरान निनी, पटना में प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।

निनी, पटना में सर्वेक्षण उपकरण एवं डाटा प्रोसेसिंग पर आधारित पुनश्चर्या पाठ्यक्रम में प्रशिक्षण ग्रहण करते हुए सभी सर्वेक्षक

निनी में उच्च तकनीकी उपकरणों का प्रशिक्षण

निनी में पुनश्चर्या पाठ्यक्रम

अन्तर्देशीय नौचालन सिमुलेटर का निरीक्षण करती हुई श्रीमती वी. कुमार, वरिष्ठ परिवहन सलाहकार, योजना आयोग

समापन समारोह
उत्तीर्ण प्रशिक्षुओं को प्रमाण–पत्र देते हुए श्री सुरेश कुमार सिन्हा, भा.प्र.से., अपर सचिव (परिवहन), बिहार सरकार

समापन समारोह
उत्तीर्ण प्रशिक्षुओं को शील्ड प्रदान करते हुए कमाण्डर पी. के. श्रीवास्तव, सचिव, कार्यक्रम सलाहकार समिति, निनी

	प्रतिभागियों की संख्या							
माह	बीटीएम	ईसीडीआईएस	आरएमआई	एलएसएचएस	एलसीएचएस	आरओसी	एआरपीए	एसएमएस
अप्रैल-12	8	6						
मई-12	11	11	1					
जून-12	4	10	1					
जुलाई-12	5	17	1					
अगस्त-12	2	4	1					
सितंबर-12	3	7						
अक्तूबर-12	8	6						
नवंबर-12	7	12		1				
दिसंबर-12	7	12		1	1			
जनवरी-13	2	5			1	2	2	
फरवरी-13	3	7				7	5	5
मार्च-13		11				6	4	

बीटीएम–ब्रीज टीम प्रबंधन

ईसीडीआईएस–इलेक्ट्रॉनिक चार्ट डिस्पले इन्फॉर्मेशन सिस्टम

आरएमआई–आपदा प्रबंधन

एलएसएचएस–लार्ज शीप हैंडलिंग सिमुलेटर

एलसीएचएस–लिक्विड कार्गो हैंडलिंग सिमुलेटर

आरओसी –रडार आब्जर्बर्स कोर्स

एआरपीए–ऑटोमेटिक रडार प्लोटिंग ऐड

एसएमएस –शीप मैन्यूरिंग सिमुलेटर



12. इण्डो–म्यांमार कालादान मल्टीमॉडल पारगमन परिवहन परियोजना

यह परियोजना विदेश मंत्रालय की संकल्पना थी, जिससे म्यांमार में कालादान नदी से हल्दिया/कोलकाता पत्तनों के साथ मिजोरम को वैकल्पिक सम्पर्कता मुहैया की जा सके। इस परियोजना में हल्दिया से सिटवे तक तटीय नौवहन/समुद्रीय नौवहन, सिटवे से पलेतवा (म्यांमार में) तक अ0 ज0 प0 और तदुपरांत पलेतवा से मिजोरम तक सड़क द्वारा ढुलाई करने पर विचार किया गया। यह परियोजना विदेश मंत्रालय द्वारा संचालित और निधिबद्ध है। विदेश मंत्रालय ने अ0 ज0 प0 घटकों के लिए दिनांक 19.03.09 को स्वीकार पत्र द्वारा भा0 अ0 ज0 प्रा0 को परियोजना विकास परामर्शदाता के रूप में नियुक्त किया। इसके फलस्वरूप, विदेश मंत्रालय ने रु. 342 करोड़ की लागत से पत्तन और अ0 ज0 प0 घटकों के निर्माण के लिए एक भारतीय संविदाकार (मेसर्स एस्सर प्रोजेक्ट (आई) प्राइवेट लिमिटेड) को नियुक्त किया। सिटवे और पलेतवा पर पत्तन सुविधाओं का निर्माण कार्य प्रगति पर है। 300 टन माल के छः जलयानों का निर्माण कार्य भी प्रगति में है। 7.9 मी0 गहरे सम्पर्क चैनल के विकास के लिए सिटवे पत्तन में लगभग 11 लाख घन मीटर का भारी निकर्षण कार्य पूर्ण हो चुका है। मार्च, 2013 तक सम्पूर्ण कार्य की प्रगति लगभग 50% थी।

सिटवे में आई.डब्ल्यू.टी. जेट्टी निर्माण और निकर्षण की प्रगति

सिटवे में पत्तन और बैकअप सुविधाओं के निर्माण की प्रगति

13. फरक्का में एन.टी.पी.सी. पावर प्लांट के लिए कोयले की ढुलाई

एन0टी0पी0सी0 ने जुलाई, 2010 में अ0 ज0 प0 माध्यम से सात वर्षों के लिए हल्दिया से फरक्का तक 3 एम.एम.टी.पी.ए. आयातित कोयले की ढुलाई के लिए लिखित प्रतिबद्धता दी। तदुपरांत, भा0 अ0 ज0 प्रा0 और एन0टी0पी0सी0 ने निजी क्षेत्र से पूर्ण निवेश प्राप्ति पर विचार करने के लिए एक परियोजना को तैयार किया। इस परियोजना के अंतर्गत (क) हल्दिया में अवसंरचना ट्रांसशिपमेंट (ख) 3 एम.एम.टी.पी.ए. कोयले की ढुलाई के लिए बार्ज/अन्तर्देशीय जलयानें (ग) फरक्का में जेट्टी को उतारना और (घ) फरक्का में नदी के तट से पावर प्लांट के कोयले स्टेक यार्ड तक सामग्री हैंडलिंग/कन्वेयर बेल्ट प्रणाली सम्मिलित हैं। खुली प्रतिस्पर्द्धात्मक संविदा के उपरांत, मेसर्स जिंदल आई0टी0एफ0 लिमिटेड को संचालक के रूप में चयनित किया गया, जिसको फ़रक्का में ट्रांसशीपर, बार्जों और अवसंरचना को उतारने के लिए लगभग रु. 650–700 करोड़ की राशि का निवेश करना होगा। सैंडहैंड में ट्रांसशीपर को स्थापित किया गया, 17 बार्जों का निर्माण किया गया है और इनका पंजीकरण कार्य पूरा किया गया। कन्वेयर प्रणाली का निर्माण कार्य निर्माणाधीन है और जुलाई, 2013 तक इस कार्य के पूर्ण हो जाने की सम्भावना है। जेट्टियों का निर्माण कार्य और क्रेनों को स्थापित करने का कार्य पूरा किया गया। सितंबर/अक्तूबर 2013 तक कोयले की ढुलाई प्रारंभ हो जाने की संभावना है।

इस परियोजना की प्रगति से प्रभावित होकर भा0 अ0 ज0 प्रा0 और एन0 टी0 पी0 सी0 ने बाढ़ (पटना के समीप) में एन0 टी0 पी0 सी0 के 3300 एम0 डब्ल्यू0 सुपर थर्मल पावर प्लांट के लिए 10 वर्षों के लिए 3 एम.एम.टी.पी.ए. कोयले की ढुलाई हेतु एक समरूपी परियोजना को भी तैयार किया। प्रत्याशित संविदाकारों के साथ विस्तृत अंत:क्रिया करने के उपरांत, इस परियोजना के लिए एक आर0एफ0डी0 भी आमंत्रित की जाएगी और 2013–14 के दौरान इस परियोजना को अंतिम रूप प्रदान किया जाएगा।

14. तकनीकी–आर्थिक अध्ययन

वर्ष 2009–10 के दौरान गोदावरी और कृष्णा नदियों सहित काकीनाड़ा–पुदुचेरी कैनालों और ब्राह्मणी नदी और महानदी डेल्टा सहित पूर्व तट कैनाल के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट की तैयारी पूरी हो गई है और इनका ई.आई.ए./ई.एम.पी. अध्ययन चरम सीमा पर है। दो तकनीकी अध्ययनों को अंतिम रूप प्रदान करने का कार्य प्रगति में है। यह अध्ययन है : (क) गोवा जलमार्गों के डी.पी.आर. (ख) बराक नदी के डी.पी.आर.। अग्रलिखित अध्ययनों का कार्य प्रगति में है : (क) अन्तर्देशीय सह तटीय जलयान के प्रतिमान का डिजाइन (ख) रा0 ज0–1 के इलाहाबाद–गाजीपुर प्रखण्ड में 3 मी0 एल0 ए0 डी0 मुहैया करने के लिए तकनीकी व्यवहार्यता और (ग) रा0 ज0–3 के उत्तर और दक्षिण भाग की ओर से विस्तार करने के लिए समीक्षा व्यावहारिकता अध्ययन। पी.एम.ओ. के आदेशानुसार, मेसर्स राइट्स के द्वारा एकीकृत राष्ट्रीय जलमार्ग परिवहन ग्रिड पर आधारित अध्ययन को प्रारंभ किया गया। सरकार से भा0 अ0 ज0 प्रा0 को अनुदान सहायता जारी रखने के लिए एक शर्त्त के रूप में आई.एम.यू. द्वारा 11वीं योजना से 12वीं योजना तक जारी स्कीमों के तृतीय पक्ष मूल्यांकन अध्ययन को प्रारंभ किया गया। पोत परिवहन मंत्रालय को रिपोर्ट भेजी गई।

15. वर्ष 2012–13 के दौरान सर्वेक्षण गतिविधियां

जलमार्ग के जलीय आकृति विज्ञान स्थिति को आंकने के लिए नियमित रूप से जलीय सर्वेक्षण कराए गए। भा0 अ0 ज0 प्रा0 ने अत्याधुनिक सर्वेक्षण एवं संचार उपकरण से लेंस 18 अत्याधुनिक सर्वेक्षण लांच (रा0 ज0–1 में 12 + रा0 ज0–2 में 6 + रा0 ज0–3 में 1) की प्राप्ति की। नौचालानात्मक चैनल में विद्यमान गहराई को मापने के लिए रा0 ज0–1, 2, 3 और सुंदरवन में पाक्षिक/मासिक आधार पर तलस्पर्शी सर्वेक्षण, जो अधिकतम गहराई मार्ग सहित सिंगल लाईन लोंगिटूडनल सर्वेक्षण है, कराए गए। अ0 ज0 प0 उपभोक्ताओं/चालकों को नवीनतम नौचालानात्मक सूचना प्रदान करने के लिए तलस्पर्शी सर्वेक्षण कराने के पश्चात् नदी सूचनाएं जारी की गई। इसके अतिरिक्त, कम वर्षा वाले मौसम के दौरान

यदि किसी भी स्थान पर नौचालानात्मक चैनल की गहराई में कमी पाई जाती है, तो उस स्थान को सीमांकित करके नदी संरक्षण कार्य जैसे निकर्षण और बंडालिंग करने के लिए विस्तृत सर्वेक्षण कराए जाएंगे। प्रगतिशील और उत्तर निकर्षण/बंडालिंग सर्वेक्षण की सहायता से निकर्षण और बंडालिंग के प्रभावों का निरीक्षण किया जाता है। टर्मिनल सर्वेक्षण वर्ष में दो बार कराए जाते हैं, जेट्टी के लिए सम्पर्क चैनल में गहराई को आंकने के लिए एक सर्वेक्षण मानसून से पहले और दूसरा मानसून के बाद।

225 उथले स्थलों पर विभागीय स्तर पर कराए गए पूर्व/उत्तर बंडालिंग और निकर्षण सर्वेक्षणों का ब्यौरा नीचे प्रस्तुत है :–



टर्मिनल सर्वेक्षण

त्रिवेणी–फरक्का प्रखण्ड में बी.टी.पी.एस. जेट्टी, त्रिवेणी (194.0) में, और मुंगेर–पटना प्रखंडों में सीमारीया (851.0) और गायघाट (955.0) में टर्मिनल सर्वेक्षण कराए गए।

अन्य सर्वेक्षण

उपरोक्त विभागीय सर्वेक्षणों के अतिरिक्त बाढ़ वाले मौसम के दौरान फरक्का–बाढ़ प्रखण्ड में तट से तट सर्वेक्षण भी कराए गए।

भारत–बांग्लादेश प्रोटोकॉल मार्ग (सुंदरवन)

भारत–बांग्लादेश प्रोटोकॉल मार्ग में सिल्वर ट्री प्वाईंट से बेहारीखल (बांग्लादेश सीमा) तक मासिक रूप से तलस्पर्शी सर्वेक्षण कराए गए। कुल 1,872 लाइन कि0 मी0 तलस्पर्शी सर्वेक्षण करके भा0 अ0 ज0 प्रा0 वेबसाइट पर नदी सूचनाएं प्रकाशित की गई।

राष्ट्रीय जलमार्ग – 2

तलस्पर्शी सर्वेक्षण

विभागीय तलस्पर्शी सर्वेक्षणों को पाक्षिक रूप से संचालित करके नदी सूचनाएं जारी (हिन्दी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में) की गई। वर्ष के दौरान, कुल 15249 लाईन कि0 मी0 तलस्पर्शी सर्वेक्षण कराए गए।

विस्तृत सर्वेक्षण

128 उथले स्थलों पर विभागीय स्तर पर कराए गए पूर्व / उत्तर बंडालिंग और निकर्षण सर्वेक्षणों का ब्यौरा नीचे प्रस्तुत है :–



टर्मिनल सर्वेक्षण

चालू वर्ष के दौरान हतसिंगमारी (2), धुब्री (32), जोगीघोपा (108), सिलघाट (441), तेजपुर (भूमरागुरी) (470), विश्वनाथ (470), नीमाति (629), दिखोमुख (660), बोगीबील (738), सेंगाजन (775) और ओरियमघाट (860) में टर्मिनल सर्वेक्षण कराए गए।

अन्य सर्वेक्षण

मई–जून, 2012 के दौरान धुब्री में 25 कि0 मी0 की लम्बाई तक तट से तट तक सर्वेक्षण कराए गए और हतसिंगमारी में 4 कि0 मी0 की लम्बाई तक क्रॉस सेक्शनल सर्वेक्षण कराए गए। उपरोक्त के अतिरिक्त, ओ.डी.सी. की ढुलाई के लिए नदी में नौगम्यता का मूल्यांकन करने के लिए लोहित नदी और डिबांग नदी में क्रमशः 81 कि0 मी0 और 42 कि0 मी0 की लम्बाई तक आवीक्षण सर्वेक्षण कराए गए।

डी0 जी0 पी0 एस0 आधारित नौचालन प्रणाली

राष्ट्रीय जलमार्ग–1 और राष्ट्रीय जलमार्ग–2 में सुरक्षित और दक्षतापूर्वक जलयानों के प्रचालन के लिए भा0 अ0 ज0 प्रा0 ने रा0 ज0–1 में रु. 9.71 करोड़ की लागत पर और रा0 ज0–2 में रु. 7.91 करोड़ की लागत पर डिफ्रेन्शियल ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम (डी.जी.पी.एस.) रेफरेंश स्टेशनों के लिए परियोजनाओं को मंजूरी प्रदान की। इसके अनुसार, रा0 ज0–1 में स्वरूपगंज, भागलपुर, पटना और वाराणसी और रा0 ज0–2 में जोगीघोपा, सिलघाट और डिब्रूगढ़ पर डी0 जी0 पी0 एस0 स्टेशनों को स्थापित करने के लिए विचार किया गया। इन स्टेशनों को इस तरह से नियोजित किया गया है कि 150 कि0 मी0 की त्रिज्या में सब–मीटर परिशुद्धता के साथ कवर किया जा सकता है। स्वरूपगंज, भागलपुर और पटना के स्टेशन को चालू किया गया और यह स्टेशन रा0 ज0–1 पर प्रचालन में है। इसी प्रकार, जोगीघोपा और डिब्रूगढ़ के स्टेशनों को भी चालू किया गया और यह स्टेशन रा0 ज0–2 पर प्रचालन में है। कार्य पूरा होने के बाद आगामी वर्ष के दौरान अन्य स्टेशनों के चालू होने की संभावना है। इसके अतिरिक्त, भारत–बांग्लादेश प्रोटोकॉल मार्ग में सुरक्षित और प्रभावी नौचालन हेतु सुविधाएं प्रदान करने के लिए रु. 2.2 करोड़ की लागत पर धुब्री में एक अतिरिक्त स्टेशन को स्थापित करने के लिए परियोजना को संस्तुति प्रदान की और यह कार्य प्रगति में है।

डी.जी.पी.एस. स्टेशन–स्वरूपगंज

डी.जी.पी.एस. स्टेशन–नियंत्रण कक्ष

राष्ट्रीय जलमार्ग – 3

तलस्पर्शी सर्वेक्षण

विभागीय तलस्पर्शी सर्वेक्षणों को मासिक रूप से संचालित कराकर नदी सूचनाएं जारी (हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में) की गई। वर्ष के दौरान, कुल 2,706 लाइन कि0 मी0 तलस्पर्शी सर्वेक्षण कराए गए।

विस्तृत सर्वेक्षण

चेराई (5.78 कि0 मी0), मुनांबम (9.84 कि0 मी0), केएमएमएल स्थल (166.0 कि0 मी0), एफएसीटी (उद्योगमण्डल) (22.5 कि0 मी0), अम्बालामुगल (23.5 कि0 मी0), कोविलथोट्टम (166.5 कि0 मी0), कोट्टापुरम टर्मिनल (1.5 कि0 मी0), अलुवा टर्मिनल (सी.एच. 22.5) में पूर्व और उत्तर निकर्षण कार्य कराए गए। वर्ष 2012–13 के दौरान कुल 1.43 लाख घन मीटर निकर्षण कराया गया।

उपरोक्त सर्वेक्षणों के अतिरिक्त, अक्तूबर, 2012 के दौरान जलमार्ग में समुद्र पत्तन और हवाईपत्तन के बीच 12.3 कि0 मी0 की लम्बाई तक तट से तट सर्वेक्षण कराए गए।

राष्ट्रीय जलमार्ग – 4 और 5

राष्ट्रीय जलमार्ग 4 और 5 के प्रधान्य प्रखण्डों की वर्तमान स्थिति के मूल्यांकन के लिए, गहराई मापन और स्थलाकृतिक सर्वेक्षणों सहित विस्तृत जलीय सर्वेक्षण के संचालन का कार्यभार 3 विभिन्न ठेकेदारों को सौंपा गया। रा0 ज0–4 में सर्वेक्षण कार्य अग्रलिखित प्रखण्डों – गोदावरी नदी (171 कि0 मी0), काकीनाडा कैनाल (50 कि0 मी0), उत्तर बकिंगघम कैनाल (137 कि0 मी0) एवं दक्षिण बकिंगघम कैनाल (40 कि0 मी0) में कराए गए। इसी प्रकार के रा0 ज0–5 में अग्रलिखित प्रखण्डों – ''तलचर से धम्रा'' (265 कि0 मी0) तक, मतई नदी (39 कि0 मी0) महानदी डेल्टा नदी (67 कि0 मी0) और ''पाडानीपल से सुजानपुर तक (50 कि0 मी0), में सर्वेक्षण कराए गए। यह सर्वेक्षण कार्य प्रगति में है।

परियोजना सर्वेक्षण कार्य प्रगति पर है (रा0 ज0–4)

पोत परिवहन मंत्रालय सहित संसदीय सलाहकार समिति के निदेशानुसार दिसम्बर, 2012 के दौरान रा0 ज0–4 के विकास के लिए दक्षिण बकिंगघम कैनाल के शोल्लिंगानानूर–कलपक्कम प्रखण्ड (37 कि0 मी0) में विभागीय परियोजना सर्वेक्षण कराए गए। इस आधार पर फरवरी, 2013 में प्राधिकरण ने जलमार्ग के इस प्रखण्ड के विकास के लिए आंकलित लागत रु. 46.23 करोड़ राशि की मंजूरी प्रदान की। वास्तविक निकर्षण मात्रा को आंकने के लिए, निजी ठेकेदार को इस प्रखण्ड के लिए विस्तृत जलीय सर्वेक्षण का कार्यभार सौंपा गया। यह सर्वेक्षण कार्य प्रगति में है।

हल्दिया–फरक्का प्रखण्ड में नदी सूचना सेवाओं (आर0 आई0 एस0) की स्थापना :

रा0 ज0–1 के हल्दिया–फरक्का प्रखण्ड में नदी सूचना सेवा प्रणाली की स्थापना के लिए आंकलित लागत रु. 14.2 करोड़ की एक योजना को मंजूरी प्रदान की। इसके बाद, कार्य को कार्यान्वित कराने के लिए एक एजेन्सी को चयनित करने के लिए निविदा आमंत्रित की गई, हालांकि, इस परियोजना के लिए अनुभवी ठेकेदारों के चयन के लिए निविदा को निरस्त कर दिया गया। निविदा को आगामी वित्तीय वर्ष में पुनः आमंत्रित किया जाएगा।

अध्यक्ष, भा0 अ0 ज0 प्रा0 द्वारा ईएनसी और आईडब्ल्यूएन सॉफ्टवेयर का विमोचन

इलेक्ट्रॉनिक नौचालन चार्टों और अन्तर्देशीय जलमार्ग नौचालन सॉफ्टवेयर का विमोचन

दिनांक 6 मार्च, 2013 को भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (भा0 अ0 ज0 प्रा0), नौएडा के मुख्यालय में एक समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में प्राधिकरण के अध्यक्ष डा0 विश्वपति त्रिवेदी, भा.प्र.से. ने राष्ट्रीय जलमार्ग–1 के सागर–फरक्का प्रखण्ड (560 कि0 मी0) के लिए एस0 57 फॉर्मेट में इलेक्ट्रॉनिक नौचालन चार्टों (ईएनसी) और वास्तविक समय नौचालन सॉफ्टवेयर जैसे–अन्तर्देशीय जलमार्ग नौचालन (आईडब्ल्यूएन) सॉफ्टवेयर का विमोचन किया। सॉफ्टवेयर और चार्टों का निर्माण अन्तर्राष्ट्रीय मानकों के अनुसार किया गया। इस वास्तविक समय नौचालन सॉफ्टवेयर से रा0 ज0–1 के हुगली–भागीरथी–फरक्का फिडर कैनाल क्षेत्र में विशेषतः मेसर्स जिंदल आई0टी0एफ0 लि0 द्वारा सेंडहैंड (बंगाल की खाड़ी) और फरक्का एन0टी0पी0सी0 पावर प्लांट की परियोजना में 3 एम0एम0टी0पी0ए0 आयातित कोयला परिवहन के लिए अन्तर्देशीय जलयानों के प्रचालन में सुरक्षा, बचाव और उत्पादकता में बढ़ोत्तरी होगी। प्रीलोडेड ई0एन0सी0 और आई0डब्ल्यू0एन0 सॉफ्टवेयर सहित कम्प्यूटर/लैपटॉप, डिजिटल ईको साउण्डर और जी0पी0एस0/डी0जी0पी0एस0 रिसीवर से लैस कोई भी जलयान वास्तविक समय नौचालन सुविधा मुहैया करेगा। दिनांक 22 और 23 मार्च, 2013 को कोलकाता में अन्तर्देशीय जलयानों के मास्टरों को ई0एन0सी0 (इलेक्ट्रॉनिक नौचालन चार्ट) प्रशिक्षण दिया गया इसमें निजी परिचालकों सहित 53 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

16. कार्टोग्राफी कक्ष/सेमिनार/प्रशिक्षण

भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण, नौएडा का मुख्यालय का कार्टोग्राफी कक्ष आधुनिक चार्ट बनाने वाले हार्डवेयर, भौगोलिक सूचना प्रणाली (जी0आई0एस0) और ईमेज प्रोसेसिंग सॉफ्टवेयर से सुसज्जित है। भा0 अ0 ज0 प्रा0 के कार्टोग्राफरों को इन हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर का उपयोग करने का प्रशिक्षण प्राप्त है। अगस्त और सितंबर, 2012 के दौरान आई0आई0सी0 एकेडमी, हैदराबाद में भा0 अ0 ज0 प्रा0 के सर्वेक्षकों और ड्राफ्टमैनों का ई0एन0सी0 और पेपर चार्टों को अद्यतन करने का प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

आई.आई.सी. एकेडमी, हैदराबाद में प्रशिक्षण में भाग लेने वाले प्रतिभागी

राष्ट्रीय जलमार्ग–1 के हल्दिया–फरक्का प्रखण्ड के लिए ई0एन0सी0 का नियमित अद्यतन करने के लिए भा0 अ0 ज0 प्रा0 के क्षेत्रीय कार्यालय, कोलकाता में आधुनिक उपकरण और सॉफ्टवेयर से लैस एक ई.एन.सी. कक्ष की स्थापना की गई। भारतीय राष्ट्रीय कार्टोग्राफिक संघ द्वारा दिनांक 11 से 13 अक्तूबर, 2012 तक देहरादून में आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन ''संधारणीय भू–संसाधन प्रबंधन हेतु कार्टोग्राफी'' में भा0 अ0 ज0 प्रा0 ने भाग लिया। भा0 अ0 ज0 प्रा0 ने उपरोक्त सम्मेलन में आयोजित प्रदर्शनी में समुद्री उत्पादों को प्रदर्शित किया। सम्मेलन में श्री जी0 प्रशांत, कनिष्ठ जलीय सर्वेक्षक ने ''संधारणीय विकास हेतु राष्ट्रीय जलमार्गों में मैपिंग'' शीर्षक पर अपने विचार प्रस्तुत किए, जिसे श्रोतागण ने पूर्ण समर्थन दिया।

17. वर्ष 2012–13 के दौरान माल की ढुलाई

किफायती नौचालन के लिए न्यूनतम अवसंरचनात्मक सुविधाएं जैसे–आवश्यक नौचालन गहराई, रात्रि नौचालनात्मक सुविधाएं, डी0जी0पी0सी0, यांत्रिक टर्मिनलें और जलयानें, को मुहैया करने के उपरांत ही अ0 ज0 प0 माध्यम से पर्याप्त माल की ढुलाई करना अपेक्षित है। वर्तमान में, जलमार्ग के विकसित प्रखण्डों में भी जल परिवहन करने के लिए पर्याप्त अन्तर्देशीय जलयान उपलब्ध नहीं है। रा0 ज0–1 में केवल 77 कार्गो जलयानें (28 सी0आई0डब्ल्यू0टी0सी0 जलयानें और 49 निजी जलयानें) उपलब्ध हैं और लगभग सभी जलयानें हल्दिया और कोलकाता के बीच लाईटेज ऑपरेशन में तैनात है। रा0 ज0–2 पर अ0 ज0 प0 निदेशालय, असम सरकार, केवल 12 जलयानों का प्रचालन कर रही है। रा0 ज0–2 में कार्गो जलयानों की अत्यधिक कमी है। इसके अतिरिक्त, चालू वर्ष में मेसर्स जिंदल आई0 टी0 एफ0 ने अ0 ज0 प0 माध्यम से एन0टी0पी0सी0, फरक्का के लिए आयातित कोयले की ढुलाई के लिए 14 जलयानों की अधिप्राप्ति की। इन जलयानों का अभी तक उपयोग नहीं किया गया।

भा0 अ0 ज0 प्रा0 के पास 7 कार्गो जलयानें हैं जिनमें से 4 जलयानों जैसे एम0 वी0 राजगोपालाचारी, एम0 वी0 रविन्द्रनाथ टैगोर, एम0 वी0 लाल बहादुर शास्त्री और एम0 वी0 वी0 वी0 गिरी को रा0 ज0–1, रा0 ज0–2 और भारत–बांग्लादेश प्रोटोकॉल मार्ग पर चार्टर आधार पर जल परिवहन के लिए प्रयोग किया जाता है। इसके अतिरिक्त, तीन जलयानों जैसे एम0 वी0 होमी भाभा, एम0 वी0 जाकिर हुसैन और एम0 वी0 विश्वेश्वरैय्या को रा0 ज0–1, रा0 ज0–2 और भारत–बांग्लादेश प्रोटोकॉल मार्ग में केवल नौका चार्टर आधार पर निजी प्रचालकों को खुले टेंडर के आधार पर दिया गया।

हालांकि, अ0 ज0 प0 माध्यम से भा0 अ0 ज0 प्रा0 के कार्गो जलयानों, बांग्लादेशी जलयानों, देशी नौकाओं और छोटे यांत्रिक यानों (100 टन क्षमता से कम वाले) की सहायता से माल की ढुलाई होती है। वर्ष 2008–09, 2009–10, 2010–11, 2011–12 और 2012–13 के दौरान राष्ट्रीय जलमार्गों 1, 2 और 3, गोवा और मुम्बई जलमार्गों पर कार्गो की ढुलाई से संबंधित विस्तृत विवरण मिलियन टन (एम0 टी0), टन कि0 मी0 (टी0 के0 एम0) और बिलियन टन कि0 मी0 (बी0 टी0 के0 एम0) में अनुलग्नक में इंगित है।

राष्ट्रीय जलमार्ग संख्या–1, 2 और 3 पर कार्गो की ढुलाई वर्ष 2012–13 के दौरान हुए 7.06 मिलियन टन (1529 मिलियन टन कि0 मी0) की तुलना में वर्ष 2012–13 के दौरान 6.38 मिलियन टन (1588 मिलियन टन कि0 मी0) हुई।

वर्ष के दौरान, अ0 ज0 प0 माध्यम से भारत से बांग्लादेश तक 16.93 लाख एम0टी0 कार्गो का निर्यात किया गया। जिसमें से 15.83 लाख एम0टी0 फ्लाई ऐश थी। पटना, हल्दिया, कोलकाता और पांडु जेट्टियों में कार्गो हैंडलिंग के लिए क्रेन और अन्य यांत्रिक हैंडलिंग उपकरण तैनात किए गए।

राष्ट्रीय जलमार्गों पर वृहत आकार के कार्गो (ओ.डी.सी.) की ढुलाई भी की गई। ये मुख्य रूप से रा0 ज0–1 और रा0 ज0–2 के निकट विद्युत परियोजनाओं शुरू होने से संबंधित है। वर्ष के दौरान रा0 ज0–1 में कोलकाता से जमनियां, हल्दिया से जमनियां, बलिया, बख्तियारपुर और इलाहाबाद तक 2939 एम0 टी0 के बृहत आकार के हैवी लिफ्ट प्रोजेक्ट कार्गो के 7 प्रेषित माल और भारत–बांग्लादेश प्रोटोकॉल मार्ग पर कोलकाता से सिलघाट, करीमगंज, जोगीघोपा और करीमगंज, पांडू से एन0 एस0 डॉक तक, और कोलकाता में 2672 एम0 टी0 के प्रेषित माल की ढुलाई की गई।

वर्ष 2012–13 के दौरान, भा0 अ0 ज0 प्रा0 ने रा0 ज0–1 पर मेसर्स हेरिटेज (पूर्व में पाण्डव क्रूज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, नई दिल्ली) के अन्तर्देशीय जल क्रूज जलयान एम0 वी0 बंगाल पांडव और मेसर्स असम बंगाल नौचालन कम्पनी प्राईवेट लि0 के एम. वी. सुकापा की सुविधा उपलब्ध कराई। वर्ष के दौरान, क्रूज जलयानों पर विदेशी पर्यटकों ने कोलकाता–सिमरिया/राजमहल/पटना/बक्सर–कोलकाता के बीच 24 यात्राएं की। रा0 ज0–2 पर मेसर्स असम बंगाल नेविगेशनल कंपनी और ब्रह्मपुत्र क्रूज प्रा0 लि0 नदी क्रूजों का प्रचालन कर रहे हैं। मेसर्स असम बंगाल नौचालन कम्पनी और मेसर्स फार होराइजन टूर्स ने रा0 ज0–2 पर एम0 वी0 चरैदेव और एम0 वी0 महाबाहु नामक दो क्रूज जलयानों को लगाया। रा0 ज0–3 में कई आवास नौकाएं और पर्यटक नौकाएं चल रही हैं।

मेसर्स जिंदल आई.टी.ए.लि. ने फरक्का में सैंडहैड से एन0टी0पी0सी0 के थर्मल पावर प्लांट तक 3 एम0 एम0 टी0 पी0 ए0 आयातित कोयले की ढुलाई के ठेके के लिए रा0 ज0–1 पर 14 बार्ज और सागर पर एक ट्रांशिपोर्ट का प्रयोग किया। माल को उतारने वाली जगह (फरक्का) पर निर्माण कार्य प्रगति में है और मेसर्स जिंदल आई.टी.एल. ने और अधिक अन्तर्देशीय कार्गो जलयानों की अधिप्राप्ति की। आगामी वर्ष में परिवहन कार्य प्रारंभ होने की संभावनाएं हैं।

भा0 अ0 ज0 प्रा0 कार्गो विशेष परियोजनाओं के लिए अ0 ज0 प0 में निजी निवेश को बढ़ावा दे रहा है। इन परियोजनाओं की देखरेख प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा की जा रही है।

आई0 एल0 एण्ड एफ0 एस0 अवसंरचना विकास कॉर्पोरेशन लि0 द्वारा एन0 टी0 पी0 सी0 सुपर थर्मल पावर स्टेशन, बाढ़ के लिए 10 वर्षों के लिए 3 एम.एम.टी.पी.ए. आयातित कोयले की ढुलाई हेतु व्यवहार्यता रिपोर्ट तैयार की गई। परियोजनाओं में अग्रलिखित विषयों पर विचार किया गया–एक ट्रांसशीपर को किराए पर लेना/अधिग्रहण करना, 1500 एम.टी. क्षमता के लगभग 70 बार्ज, एन0 टी0 पी0 सी0 द्वारा बाढ़ में लगभग 5 एकड़ भूमि की अधिप्राप्ति, बाढ़ में बर्थिंग और कार्गो हैंडलिंग अवसंरचना का निर्माण और तीन वर्षों में नदी फ्रंट और एन0 टी0 पी0 सी0 कोयला यार्ड स्टैक को जोड़ने के लिए लगभग 3.5 कि0 मी0 कन्वेयर का निर्माण करना। वर्ष 2013–14 के दौरान, एन0 टी0 पी0 सी0 द्वारा यह कार्य आर0 एफ0 पी0 को आमंत्रित करने के पश्चात् सफल बोलीकार को सौंपने की संभावना है।

उपरोक्त के अतिरिक्त, कुछ अन्य व्यवहार्य परियोजनाओं के लिए भी निजी क्षेत्र निवेश को अभिज्ञात किया गया है। इन परियोजनाओं के अंतर्गत एन0 टी0 पी0 सी0 पावर प्लांट, बोंगईगांव, असम के लिए 0.5 एम. एम.टी.पी.ए. आयातित कोयले की ढुलाई, अ0 ज0 प0 माध्यम से एफ0 सी0 आई से त्रिपुरा तक खाद्यान्न का परिवहन, आई.डब्ल्यू.टी. माध्यम से अन्य कार्गो जैसे खाद्यान्न, एल.पी.जी., बिटुमैन, उर्वरकों का परिवहन और रा0 ज0–3 पर भा0 अ0 ज0 प्रा0 के टर्मिनलों का प्रचालन और अनुरक्षण करना सम्मिलित है।

भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण

राष्ट्रीय जलमार्ग संख्या– 1, 2, 3, गोवा और मुम्बई के जलमार्गों पर वर्ष 2008–09 से 2012–13 तक कार्गो की ढुलाई

प्रखंड		2008-09	2009-10	2010-11	2011-12	2012-13	ढुलाई किए गए कार्गो के प्रकार
राष्ट्रीय जलमार्ग–1 गंगा	एमटी	1,348,385	1,811,070	1,871,178	3,309,839	2,716,436	सीमेंट, फ्लाई ऐश, लौह अयस्क, लौह अयस्क फाइन, कोयला, स्टील शेड, टायर्स, आयरन फाइन, आयरन इंगौट, गैल्वेनाइज्ड स्टील प्लेन शीट, स्टोन चिप्स, फर्नेस ऑयल, एचएफ एचएसडी, ल्यूब ऑयल, बॉल्डर, दाल, एल्युमीनियम ब्लॉक, बालू, क्लीप्स, शीप ब्लॉक, लॉग, मैंगनीज अयस्क, पेट्रोलियम कोक, कुकिंग कोल, रॉक फॉस्फेट, टिम्बर, पीज, स्लैग ऑयल, नन कुकिंग कोल, ओडीसी इत्यादि।
	टीकेएम	705,570,044	1,047,703,720	1,227,702,794	1,454,368,323	1,511,961,380	
	बीटीकेएम	0.705	1.048	1.228	1.454	1.512	
